# उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़

(जिला योजना)

दिनांक 16.06.2020 को उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, DMFT की अध्यक्षता में सम्पन्न DMFT के प्रबंधकीय समिति की बैठक की कार्यवाही :–

उपस्थिति पंजी के अनुसार

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों का अभिवादन करते हुए DMFT के उद्देश्यों एवं प्राथमिकताओं का उल्लेख करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने हेतु उप विकास आयुक्त–सह–सचिव DMFT, रामगढ़ को निदेश दिया गया। तत्पश्चात् जिला योजना पदाधिकारी–सह–प्रभारी DMFT द्वारा समर्पित प्रस्तावों पर विमर्शोपरान्त निम्नवत् अनुमोदन प्राप्त किया गया।

1- **Annual Report का अनुमोदन** – वित्तीय वर्ष 2016-17, 2017-18 एवं 2018-19 के लिए तैयार किये गये Annual Report के प्रत्येक बिन्दुओं पर विमर्शोपरान्त इसे समिति द्वारा अनुमोदित किया गया है एवं न्यास परिषद् में अनुमोदन हेतु प्रस्तावित किया गया। वर्तमान में विभाग द्वारा मांगे जाने पर इसे खनन एवं भूतत्व विभाग को भेजने हेतु निदेशित किया गया।

2- **Audit Report का अनुमोदन** – RM Associates, Charted Accountant, Ranchi के द्वारा वित्तीय वर्ष 2016-17, 2017-18 एवं 2018-19 के लिए किये गये DMFT अंकेक्षण का Audit Report समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसे समिति द्वारा अनुमोदित किया गया। अगले वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए अंकेक्षण कराने हेतु अग्रेतर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

3- **प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से खनन प्रभावित पंचायतों के Demarcation का अनुमोदन** – खनन प्रभावित Directly एवं Indirectly Affected पंचायतों/क्षेत्रों का सर्वे एवं संबंधित खनन क्षेत्र के महाप्रबंधकों से प्राप्त सूची का संकलित प्रतिवेदन, जो जिला खनन पदाधिकारी, रामगढ़ के पत्रांक 249/खनन दिनांक 21.03.2020 से प्राप्त हुआ है, उसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। इस पर अग्रेतर कार्रवाई हेतु PMU DMFT को निदेशित किया गया।

4- **पूर्व में स्वीकृत एवं पूर्ण योजनाओं, जिसका स्थल परिवर्तन विभिन्न कारणों से किया गया है, उसका अनुमोदन।**

| क्र. | योजना | प्रशासनिक स्वीकृत | कुल स्थल परिवर्तित योजनाओं की संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विभिन्न विद्यालयों एवं टोलों में सोलर आधारित जलापूर्ति योजना। | 1115/वि दिनांक 16.11.2016 (175 योजना) | 23 | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़ के पत्रांक 154 दिनांक 20.02.2020 से प्रस्तावित। |
| | | 1116/वि दिनांक 16.11.2016 (42 योजना) | 10 | |
| | | 1117/वि दिनांक 16.11.2016 (134 योजना) | 60 | |
| | | 1118/वि दिनांक 16.11.2016 (145 योजना) | 38 | |
| | | 385/वि दिनांक 31.03.2017 (10 योजना) | 01 | |
| 2 | PHC सोसो के स्थान पर HSC कुल्ही में जलापूर्ति एवं शौचालय निर्माण। | 313/जि0यो0 दिनांक 08.05.2020 | 01 | |
| 3 | HSC रजरप्पा के स्थान पर HSC नेमरा में जलापूर्ति एवं शौचालय निर्माण। | 85/जि0यो0 दिनांक 08.02.2020 | 01 | |

- पूर्व में न्यास परिषद से अनुमोदित/स्वीकृत एवं कार्यान्वित पेयजलापूर्ति की योजनाएँ, जिसके प्राक्कलन में वृद्धि होने के फलस्वरूप Revised Estimate का अनुमोदन।

(राशि लाख में)

| क्र. | योजना का नाम | पुनरीक्षित प्राक्कलन अनुमोदन हेतु प्राप्त प्रस्ताव | पूर्व में प्रशासनिक स्वीकृति का | | पुनरीक्षित प्राक्कलन | अन्तर राशि का अनुमोदन हेतु प्रस्ताव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पत्रांक | प्राक्कलन | | |
| 1 | गोबरदाहा–हुहुआ मुख्यमंत्री ग्रामीण जलापूर्ति योजना। | 14/पेयजल 06.01.2020 | 14/(स्वी0) 26.05.2017 | 2443.910 | 3150.760 | 706.850 |
| 2 | कटिया ग्रामीण जलापूर्ति योजना। | 470/पेयजल 08.06.2020 | 386/(वि0) 31.03.2017 | 345.637 | 466.670 | 121.033 |
| 3 | सोसोकला हेमतपुर मुख्यमंत्री ग्रामीण जलापूर्ति योजना। | 1259/पेयजल 31.10.2019 | 22/(स्वी0) 02.06.2017 | 2569.525 | 3447.630 | 878.105 |
| 4 | भुरकुण्डा मुख्यमंत्री ग्रामीण जलापूर्ति योजना। | 1262/पेयजल 31.10.2019 | 20/(स्वी0) 30.05.2017 | 1722.891 | 2281.710 | 558.819 |

6- प्रबंधकीय समिति द्वारा न्यास परिषद् के अनुमोदन की प्रत्याशा/पूर्व में पारित योजनाओं का अनुमोदन–

| क्र. | योजना का नाम | प्रशासनिक स्वीकृत | प्राक्कलित राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बड़कीपोना चित्तरपुर के विद्यालय में पेयजल एवं शौचालय निर्माण। | 256/जि0यो0 21.03.2020 | 7,94,100.00 | – |
| 2 | रेफरल अस्पताल, भरेचनगर, रामगढ़ में पेयजलापूर्ति की योजना। | 319/जि0यो0 09.05.2020 | 2,95,000.00 | – |
| 3 | 35 मॉडल ऑगनबाडी केन्द्रों में सामग्री आपूर्ति। | 859/जि0यो0 26.10.2019 | 31,41,250.00 | न्यास परिषद् से पारित |
| 4 | समाहरणालय परिसर के विभिन्न स्थानों के फुटपाथ पर Vetrified Tiles का अधिष्ठापन। | 164/जि0यो0 13.02.2019 | 89,11,065.00 | – |
| 5 | COVID-19 अन्तर्गत तत्काल राहत पहुँचाने हेतु खाद्यान वितरण। | 299/जि0यो0 24.04.2020 | 4,00,000.00 | – |
| 6 | COVID-19 अन्तर्गत दीदी किचन हेतु चावल आपूर्ति। | 324/जि0यो0 15.05.2020 | 1,45,000.00 | – |
| 7 | COVID-19 अन्तर्गत मास्क, Sanitizer आदि के क्रय पर व्यय। | 336/जि0यो0 29.05.2020 | 30,88,193.00 | – |
| 8 | COVID-19 अन्तर्गत माननीय सांसद के अनुशंसा के आलोक में मास्क का क्रय पर व्यय | 317/जि00यो0 09.05.2020 | 5,51,250.00 | – |
| 9 | COVID-19 अन्तर्गत Medical Equipment एवं मास्क आदि के क्रय पर व्यय | 346/जि0यो0 05.06.2020 | 31,12,614.00 | – |

DMFT से संचालित की जाने वाली नई योजनाओं का अनुमोदन–

i. सरकार के सचिव, ग्रामीण विकास/आपदा प्रबंधन विभाग के पत्र संख्या– 05/रा0आ0मो0नि0 (JSLPS-Covid-19)-18/2020 1560 (अनु0) दिनांक 12.06.2020 एवं DPM, JSLPS, रामगढ़ के पत्रांक 079 दिनांक 12.06.2020 के आलोक में माह जून 2020 के लिए दीदी किचन का व्यय DMFT मद से करने हेतु प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।

ii. मिट्टी जाँच प्रयोगशाला के लिए आवश्यक सामग्री की आपूर्ति का अनुमोदन।

iii. अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय, माण्डू एवं गोला में आवश्यक सामग्री हेतु अनुमोदन।

iv. रामगढ जिलान्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में भीषण गर्मी को देखते हुए चापाकल मरम्मति एवं सड़े राईजर पाईप बदलने हेतु योजना का अनुमोदन।

v. DMFT संबंधी कार्यों के लिए ईंधन आपूर्ति हेतु 2.00 लाख रूपये का अनुमोदन।

7- DMFT से कार्यान्वित की जा रही योजनाओं के समीक्षोपरान्त उपायुक्त महोदय द्वारा सभी कार्यकारी एजेन्सियों को निदेश दिया गया कि जिन योजनाओं का निर्माण कार्य अभी अधूरा है, उसमें कार्य में तीव्रता लाते हुए तकनीकी विशिष्टियों के अनुरूप ससमय पूरा कर अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन से अद्योहस्ताक्षरी को अवगत करावें।

8- DMFT की योजनाओं में जिन योजनाओं का कार्य पूरा कर लिया गया है, उसमें अभिलेख बन्द करने की कार्रवाई करते हुए वांछित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने तथा नियमानुसार हस्तगत कराते हुए सर्वजनिक उपयोग किये जाने के संबंध में प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु सभी कार्यकारी एजेन्सियों को निदेश दिया गया।

तदोपरान्त अनुपालन प्रतिवेदन 15 दिनों के अन्दर उपलब्ध कराने के निदेश के साथ सधन्यवाद बैठक की कार्रवाई समाप्त की गयी।

ह0/–
उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
DMFT, रामगढ़।

ज्ञापांक 373/जि0यो    रामगढ़, दिनांक 17/07/2020

प्रतिलिपिः– **सभी संबंधित पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।**

उप विकास आयुक्त–सह–
सदस्य सचिव, DMFT, रामगढ़।